**JK**

**Roll No.** ______________________

**O.M.R. Serial No. :** | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# M.A. IV Semester (NEP) Examination, 2025-26

## Hindi

## नीति काव्य

## (Elective)

| Question Booklet Series |
|---|
| **B** |

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | T |

**Time : 1 : 30 Hours ]** **[ Maximum Marks : 75**

***Instructions to the Examinee :***

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. **All** questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as – A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on the last page)***

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गये हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, तो उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C तथा D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

***(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)***

**Rough Work**

रफ कार्य

1. कबीर ने आजीवन किसका विरोध किया?
   (A) धार्मिक कर्मकांड
   .(B) ऊँच-नीच
   (C) अंधविश्वास
   (D) इनमें से सभी का

2. जो जाको गुन जानहीं, सो तिहि आदर देत।
   कोकिल अंबहि लेत है, काग निबौरी लेत।।
   उपर्युक्त दोहे में निबौरी का क्या अर्थ है?
   (A) अनार
   (B) आम
   (C) नीम का फल
   (D) शहतूत

3. कहा होय उद्‌यम किए जौ प्रभु ही प्रतिकूल।
   जैसे उपजे खेत को करै सलभ निरमूल।।
   उपर्युक्त दोहे में सलभ का क्या अर्थ है?
   (A) केंचुआ
   (B) मेंढक
   (C) बारिश
   (D) टिड्डियां

4. जाहीं तै कछु पाइयै करिए ताकी आस।
   रीते सरवर पै गए कैसे बुझत पियास।।
   उपर्युक्त दोहे में कवि वृंद का आशय है?
   (A) हमे उसी व्यक्ति से आशा रखनी चाहिए जो हमारी मदद कर सके।
   (B) बुद्धिमान व्यक्ति तालाब से अपनी प्यास बुझा सकता है
   (C) अंहकारी व्यक्ति से आशा नहीं करना चाहिए
   (D) मूर्ख व्यक्ति से सदैव सावधानी बरतनी चाहिए

5. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार कवि वृंद की ख्याति किस रूप में हुई है?
   (A) भक्त कवि के रूप में
   (B) सूक्तिकार के रूप में
   (C) रीति कवि के रूप में
   (D) आचार्य कवि के रूप में

6. अपने ग्रंथ इश्कनामा में कवि बोधा ने किस राजा का स्मरण किया है?
   (A) सवाई मानसिंह
   (B) जय सिंह
   (C) खेत सिंह
   (D) हिंदूपति सिंह

7. भाव पंचाशिका नामक ग्रंथ किसका है?
   (A) बोधा
   (B) वृंद
   (C) आलम
   (D) रहीम

8. ''यह प्रेम को पंथ कराल है जू तरवार की धार पै धावनो है'' उपर्युक्त पंक्ति किस कवि की है?
   (A) कवि वृंद
   (B) रैदास
   (C) घनानंद
   (D) बोधा

9. यह प्रेम को पंथ हलाहल है सु तौ बेद पुरानऊ गावत हैं।
पुनि आंखिन देखौ सरोजन लै नर संभु के सीस चढ़ावत हैं।
उपर्युक्त पंक्तियां किस रचना से उदधृत हैं?
(A) वृंद सतसई
(B) कवितावली
(C) इश्कनामा
(D) विरहवारीश

10. खेत सिंह नरनाह को हुकुम चित्त हित पाइ।
ग्रंथ इश्कनामा कियो बोधा सुकवि बनाई।
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा छंद है?
(A) दोहा
(B) सवैया
(C) सोरठा
(D) चौपाई

11. बोधा ग्रंथावली के अंतर्गत इश्कनामा को किस नाम से मुख्यतः दर्शाया गया है?
(A) माधवानल कामकंदला चरित्र
(B) ऊषा अनिरूद्ध चरित्र
(C) विरही सुभान दम्पति विलास
(D) इनमें से कोई नहीं

12. माटी औ पाखान को काठ धातु को ध्याई।
पावै सिद्ध बजाई जो इस्क एक ठहराई।।
उपर्युक्त दोहे में पाखान का अर्थ है?
(A) पत्थर
(B) शरीर
(C) मकान
(D) सोना

13. निम्नलिखित में से कौन संत कवि रामानंद के बारह शिष्यों में माने जाते हैं?
(A) दादू दयाल
(B) रैदास
(C) तुलसीदास
(D) इनमें से कोई नहीं

14. दादू दीनदयाल गुर, सो मेरे सिरमौर।
जन रज्जब उनकी दया तें, पाई निहचत ठौर।
उपर्युक्त दोहे में गुरू के रूप में किसकी स्तुति की गई है?
(A) रज्जब
(B) रैदास
(C) दीनदयाल
(D) दादू दयाल

15. कबहुं सो दिन होयगा, पिय मेलै गा आई।
रज्जब आनंद आतमा, त्रिबिधि ताप तन जाई।
उपर्युक्त दोहा रज्जब ग्रंथावली के किस अंग से हैं?
(A) अथ गुरूदेव का अंग
(B) सबद का अंग
(C) बिरह का अंग
(D) पीव पिछाण का अंग

16. रज्जब रहिए राम मैं, गुर दादू के परसादि।
नातर जाता देख तों, जन्म अमौलिक बादि।।
उपर्युक्त दोहा किसका रचित है?
(A) दादू दयाल
(B) रज्जब
(C) दीनदयाल
(D) वृंद

17. सबदै ही सुलझै सबै, सबद सरै सब काम।
रज्जब सदगुर सबद में, सबद गहे निज ठाम।।
उपर्युक्त दोहा रज्जब ग्रंथावली के किस अंग से उद्धृत है?
(A) अथ गुरदेव को अंग
(B) पीव पिछाण का अंग
(C) सबद का अंग
(D) बिरह का अंग

18. नीतिकाव्य एक स्वतंत्र विधा के रूप में किस काल से चली?

(A) भक्तिकाल

(B) रीति काल

(C) आधुनिक काल

(D) आदिकाल

19. निम्नलिखित में से कौन से कवि की कुंडलियां सबसे अधिक प्रसिद्ध हैं?

(A) गिरिधर कविराय

(B) रैदास

(C) वृंद

(D) बोधा

20. रज्जब की भक्तिभावना किस प्रकार की थी?

(A) सगुण

(B) निर्गुण

(C) सूफी

(D) रामभक्ति शाखा

21. रज्जब का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से था?

(A) राजस्थान

(B) उत्तर प्रदेश

(C) बिहार

(D) गुजरात

22. निम्नलिखित में से किस भक्त कवि के रूप में प्रसिद्धि है कि वे आजीवन दूल्हे के रूप में वेश धारण किए रहे?

(A) दादू दयाल

(B) रैदास

(C) तुलसीदास

(D) रज्जब

23. रज्जब की रचनाओं का संकलन किस नाम से मिलता है?

(A) अंगबधू

(B) सब्बंगी

(C) बीजक

(D) सुंदर विलास

24. ''यह प्रेम को पंथ कराल है जू तरवार की धार पै धावनो है'' उपर्युक्त पंक्तियां किस छंद में हैं?

(A) छप्पय

(B) हरिगीतिका

(C) सवैया

(D) कुंडलियां

25. संत कवि रज्जब के पद किस छंद में निर्मित हैं?

(A) दोहा

(B) छप्पय

(C) आल्हा

(D) कुंडलियां

26. निम्नलिखित में से कौन से कवि रामभक्ति शाखा से संबंधित नीतिपरक कवि हैं?

(A) रैदास

(B) तुलसीदास

(C) कबीर

(D) वृंद

27. गोस्वामी तुलसीदास के नीति संबंधी दोहे किस ग्रंथ में मिलते हैं?

(A) विनय-पत्रिका

(B) अंगबधू

(C) बीजक

(D) दोहावली

28. रैदास वाणी का संपादन किसने किया है?

(A) विजयपाल सिंह

(B) आचार्य रामचंद शुक्ल

(C) दीनदयाल उपाध्याय

(D) शुकदेव सिंह

29. मेरी जाति कमीनी, पांति कमीनी, ओछा जनमु हमारा।
तुम सरनागति राजा रामचंद्र, कहि 'रैदास' चमारा।
उपर्युक्त पंक्तियां किस कवि की हैं?

(A) तुलसीदास

(B) रैदास

(C) रज्जब

(D) कबीर

30. जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित में सबसे पहले किसका जन्म हुआ?

(A) रैदास

(B) तुलसीदास

(C) रज्जब

(D) वृंद

31. 'मसि कागज छुएयो नहिं कलम गहि नहिं हाथ' उपर्युक्त पंक्ति किसकी है?

(A) रैदास

(B) कबीर

(C) दादू

(D) वृंद

32. साधारणतया नीतिकाव्य का अर्थ क्या होता है?

(A) वीरतापूर्ण रचनाएं

(B) कर्मकांडी रचनाएं

(C) भक्तिसंबंधी रचनाएं

(D) उपदेशपरक रचनाएं

33. रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय।
टूटे से फिर न जुड़े, जुड़े गांठ परि जाए।
उपर्युक्त दोहा कैसा है?

(A) भक्तिसंबंधी

(B) नीति संबंधी

(C) कर्मकांड संबंधी

(D) वीरतापूर्ण मुक्तक

34. महाभारत में कौन सा अपनी सद्नीति के लिए विश्वविख्यात है?

(A) दुर्योधन

(B) भीष्म पितामह

(C) विदुर

(D) धृतराष्ट्र

35. भारतीय इतिहास में कौन सा गुरू अपनी नीति के लिए आज भी प्रसिद्ध है?

(A) चाणक्य

(B) बिहारी

(C) आर्यभट्ट

(D) भरतमुनि

36. महाभारत में अर्जुन को कितने कुरूक्षेत्र में नीति संबंधी ज्ञान प्रदान किया है?

(A) युधिष्ठिर

(B) श्रीकृष्ण

(C) विदुर

(D) परशुराम

37. हिंदी साहित्य में निम्नलिखित में से कौन मूलतः नीतिकाव्य से संबंधित नहीं है?

(A) चंदबरदाई

(B) गिरिधर कविराय

(C) रहीम

(D) वृंद

38. हिंदी में नीतिकाव्य लिखने की परम्परा किस भाषा से आई है?

(A) अरबी

(B) फारसी

(C) तुर्की

(D) संस्कृत

39. कबीर के नीति संबंधी दोहों को किस नाम से जाना जाता है?

(A) बीजक

(B) साखी

(C) सबद

(D) रमैनी

40. कबीर किस भक्ति धारा के कवि हैं?

(A) ज्ञानाश्रयी शाखा

(B) प्रेमाश्रयी शाखा

(C) रामभक्ति शाखा

(D) कृष्ण भक्ति शाखा

41. चाणक्य नीति ग्रंथ किस भाषा में रचित है?

(A) फारसी

(B) अरबी

(C) संस्कृत

(D) हिंदी

42. निम्नलिखित में से कौन सा संप्रदाय रैदास की परंपरा का है?

(A) सतनामी

(B) साधो

(C) चरणदासी

(D) निम्बार्क

43. कवि बोधा हिंदी साहित्य के किस काल के अंतर्गत विवेच्य हैं?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिक काल

44. गुरू गोबिंद दोऊ खड़े काके लागूं पाय।
बलिहारी गुरू आपने गोविंद दियो बताय।
उपर्युक्त दोहे में किसकी महिमा का बखान किया गया है?

(A) भक्त की

(B) भगवान की

(C) स्वयं की

(D) गुरू की

45. हिंदी साहित्य के अंतर्गत नीतिपरक काव्य अधिकांशतः किस छंद में रचा गया?

(A) दोहा

(B) चौपाई

(C) रोला

(D) कवित्य

46. साईं बैर न कीजिए, गुरू पंडित कवि यार।
उपर्युक्त पंक्तियां किस कवि की हैं?

(A) वृंद

(B) गिरिधर कविराय

(C) रहीम

(D) रैदास

47. बिना बिचारे जो करे, सो पाछे पछताय।
काम बिगारे आपनो, जग में होत हंसाय।।
उपर्युक्त पंक्तियां किस छंद में है?

(A) सोरठा

(B) सवैया

(C) चौपाई

(D) कुंडलिया

48. निम्नलिखित में से कौन से निर्गुण संत कवि रज्जब के गुरू भाई थे?

(A) दादू दयाल

(B) रैदास

(C) सुंदरदास

(D) कबीर

49. फीकी में नीकी लगै, कहिए समय बिचारि।
सबको मन हर्षित करैं, ज्यों विवाह में गारि।।
उपर्युक्त दोहा किस कवि का है?

(A) रैदास

(B) वृंद

(C) रहीम

(D) बोधा

50. रज्जब का मूल नाम क्या था?

(A) राजन जी

(B) रजोल अली

(C) रज्जब अली खान

(D) रज्जबदास

51. नीतिकाव्य के अंतर्गत कौन से कवि नहीं गिने जाते हैं?

(A) महाकवि वृंद

(B) रहीम

(C) रैदास

(D) जायसी

52. रहीम किस मुगल शासक के दरबार में कवि थे?

(A) बाबर

(B) औरंगजेब

(C) अकबर

(D) हुमायूं

53. निम्नलिखित में कौन सा ग्रंथ रहीम का नहीं है?

(A) बरवै नायिका भेद

(B) मदनाष्टक

(C) नगरशोभा

(D) रामचंद्रिका

54. रहीम निम्नलिखित में से किस भाषा के पूर्ण विद्वान थे?

(A) अरबी

(B) फारसी

(C) संस्कृत

(D) इनमें से सभी

55. निम्नलिखित में से किस कवि को खानखाना की उपाधि मिली थी?

(A) रहीम

(B) कबीर

(C) वृंद

(D) रज्जब

56. निम्नलिखित में से किस शासक के दरबार में नवरत्न नाम से नौ विशिष्ट व्यक्तियों का समूह था?

(A) पृथ्वीराज चौहान

(B) अकबर

(C) अलाउद्दीन खिलजी

(D) औरंगजेब

57. रहीमदास का कौन सा ग्रंथ ज्योतिष से संबंधित है?

(A) मदनाष्टक

(B) श्रंगारसोरठा

(C) खेट कौटुकम

(D) बरवै नायिका भेद

58. रहीमदास का संबंध किस काल से है?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिक काल

59. रहीमदास किस भक्तिकालीन कवि के समकालीन थे?

(A) कबीर

(B) नामदेव

(C) तुलसीदास

(D) रैदास

60. निम्नलिखित में से किस कवि का सम्बन्ध राजस्थान से था?

(A) वृंद

(B) रहीम

(C) तुलसीदास

(D) नामदेव

61. महाकवि वृंद का संबंध किस काल से हैं?

(A) भक्तिकाल

(B) रीतिकाल

(C) आदिकाल

(D) आधुनिक काल

62. भले बुरे सब एक सम, जौं लौं बोलत नाहिं।

जान परत हैं काग पिक, ऋतु बसंत की नाहिं।।

उपर्युक्त पंक्तियां किस कवि की हैं?

(A) रहीम

(B) कबीर

(C) वृंद

(D) बोधा

63. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार वृंद कवि की ख्याति किस रूप में है?

(A) सूफी कवि

(B) भक्तकवि

(C) सूक्तिकार

(D) रीति कवि

64. वृंद कवि की पुस्तक का क्या नाम है?

(A) रूपविलास

(B) रामचंद्रिका

(C) वृंद सतसई

(D) अष्टाध्यायी

65. डॉ. ब्रजलाल वर्मा ने किस कवि की रचनाओं का संपादन किया है?

(A) रज्जब

(B) दादू दयाल

(C) रहीम

(D) सूरदास

66. रज्जब के गुरू का क्या नाम था?

(A) कबीर

(B) दादू दयाल

(C) सुंदरदास

(D) रहीम

67. दादू दयाल की रचनाओं का संकलन है?

(A) सतसई

(B) बिहारी रत्नाकर

(C) अंगबधू

(D) रामचरितमानस

68. रहीमदास का किस भक्तकवि से पत्र-व्यवहार था?

(A) तुलसीदास

(B) बिहारी

(C) केशवदास

(D) कबीर

69. अकबर के दरबार में रहकर कौन कवि नीतिकाव्य की रचना करता था?

(A) तुलसीदास

(B) रहीमदास

(C) दादू दयाल

(D) वृंद

70. रज्जब किस रूप में हिंदी साहित्य में प्रसिद्ध हैं?

(A) निर्गुण कवि

(B) सगुण कवि

(C) रामभक्त कवि

(D) कृष्णभक्त कवि

71. हिंदी साहित्य में कालक्रम के अनुसार कौन से कवि सबसे पहले आते हैं?

(A) सगुण कवि

(B) निर्गुण कवि

(C) सूफी कवि

(D) रीति कवि

72. 'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी' पंक्ति किस कवि की है?

(A) रैदास

(B) नामदेव

(C) दादू दयाल

(D) मीराबाई

73. रैदास का संबंध किस राज्यक्षेत्र से था?

(A) काशी

(B) पंढरपुर

(C) गोरखपुर

(D) अयोध्या

74. रैदास किस जाति से संबंधित थे?

(A) क्षत्रिय

(B) ब्राह्मण

(C) वैश्य

(D) चमार

75. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने रहीम को किस कोटि के कवि के अंतर्गत रखा है?

(A) ज्ञानाश्रयी कवि

(B) प्रेमाश्रयी शाखा

(C) फुटकल कवि

(D) रीति कवि

76. रहीमदास जी अपने समय में परोपकार और दान की वजह से किस रूप में ख्यात थे।

(A) धन्नासेठ

(B) कर्ण

(C) हरिश्चंद्र

(D) इनमें से कोई नहीं

77. गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी किस रचना के कारण विश्वविख्यात हैं?

(A) विनय-पत्रिका

(B) पद्मावत

(C) अभिज्ञानशाकुंतलम्

(D) रामचरितमानस

78. गोस्वामी तुलसीदास जी मूलतः किस देव की उपासना करते थे?

(A) विष्णु

(B) कृष्ण

(C) शंकर

(D) राम

79. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार रामभक्ति शाखा के प्रतिनिधि कवि कौन हैं?

(A) सूरदास

(B) गुरू नानक देव

(C) तुलसीदास

(D) बिहारी

80. निम्नलिखित में से किस कवि का संबंध निर्गुण भक्तिकाव्य से नहीं है?

(A) कबीर

(B) रहीम

(C) रैदास

(D) मलूकदास

81. निम्नलिखित में से किस गुरू को आकाशधर्मा गुरू के रूप में जाना जाता है?

(A) स्वामी रामानंद

(B) तुलसीदास

(C) मुईनुद्दीन चिश्ती

(D) संत रैदास

82. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किस कवि के ऊपर स्वतंत्र आलोचना की?

(A) रहीम

(B) कबीर

(C) तुलसीदास

(D) रैदास

83. निम्नलिखित में से कौन निर्गुण संतकवि हैं?

(A) तुलसीदास

(B) सूरदास

(C) केशवदास

(D) संत रैदास

84. बोधा किस काल के कवि हैं?

(A) रीति काल

(B) आदिकाल

(C) भक्तिकाल

(D) आधुनिक काल

85. बोधा का पूरा नाम था?

(A) बुद्धिराम

(B) बुद्धिलाल

(C) बुद्धिसेन

(D) बुद्धू

86. बोधा की प्रेमिका का क्या नाम था?

(A) सुभान

(B) सुभागी

(C) सुजान

(D) सुषमा

87. ''एक सुभान के आनन पै कुरबान जहां लगि रूप जहां को'' पंक्ति किसकी है?

(A) रहीम

(B) रैदास

(C) बिहारी

(D) बोधा

88. इश्कनामा किसके ग्रंथ का नाम है?

(A) बिहारी

(B) बोधा

(C) तुलसीदास

(D) सूरदास

89. बोधा का संबंध किस राजपरिवार से था?

(A) महोबा

(B) कानपुर

(C) चितौड़गढ़

(D) पन्ना

90. बोधा ग्रंथावली का संपादन किसने किया है?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) माता प्रसाद गुप्त

91. बोधा ने विरहवारीश पुस्तक किसके विरह में लिखी?

(A) माता

(B) पत्नी

(C) प्रेमिका

(D) पुत्री

92. बोधा किस प्रकार के व्यक्ति थे?

(A) भक्त

(B) रसिकजीव

(C) सूफी संत

(D) इनमें से कोई नहीं

93. रहीम ने अपनी नीतिपरक कविता किस छंद में लिखी है?

(A) दोहा

(B) कवित्त

(C) हरिगीतिका

(D) चौपाई

94. रहीमदास का संबंध किस धर्म संप्रदाय से था?

(A) हिंदू

(B) सिक्ख

(C) इस्लाम

(D) ईसाई

95. वृंद की नीतिपरक कविताएं किस छंद में रचित हैं?

(A) चौपाई

(B) छप्पय

(C) बरवै

(D) दोहा

96. रैदास का जन्म कब हुआ?

(A) सन् 1388 ई.

(B) सन् 1355 ई.

(C) सन् 1398 ई.

(D) सन् 1395 ई.

97. रैदास की कुछ कविताएं किस धर्म ग्रंथ में संकलित हैं?

(A) रामचरितमानस

(B) महाभारत

(C) श्रीगुरू ग्रंथ साहिब

(D) उत्तरकांड

98. रैदास का संबंध किस वर्ग से माना जाता है?

(A) बाह्मण वर्ग

(B) क्षत्रिय वर्ग

(C) जमींदार वर्ग

(D) दलित वर्ग

99. रैदास किसके गुरू माने जाते हैं?

(A) मीराबाई

(B) कबीर

(C) तुलसीदास

(D) इनमें से कोई नहीं

100. संत कवि कबीर के गुरू कौन थे?

(A) श्रीहरिदास

(B) तुलसीदास

(C) रामानंद

(D) दादू दयाल

**Rough Work**

रफ कार्य

***Example :***

**Question :**

**Q. 1** (A) ● (C) (D)

**Q. 2** (A) (B) ● (D)

**Q. 3** (A) ● (C) (D)

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.
6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.
7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.
8. After the completion of the examination candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.
9. There will be no negative marking.
10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.
11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.
12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question booklet, then after showing it to the invigilator, get another question booklet of the same series.**

***उदाहरण :***

**प्रश्न :**

**प्रश्न 1** (A) ● (C) (D)

**प्रश्न 2** (A) (B) ● (D)

**प्रश्न 3** (A) ● (C) (D)

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
6. सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
7. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।
9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।
10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।
11. परीक्षा कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।
12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।**